कार्यालय केन्द्रीय नजारत जनपद न्यायालय कानपुर नगर।

विज्ञप्ति सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस जनपद न्यायालय में सफाई व्यवस्था हेतु संविदा के आधार पर 5 सफाईकर्मी रखे जाने है। जिनका मासिक मानदेय 6000/– निर्धारित होगा इसके अतिरिक्त कोई अन्य भत्ता देय नही होगा, संविदा पर रखे जाने के कारण संतोषपूर्ण कार्य न होने पर उन्हे कभी भी बिना किसी सूचना के हटाया जा सकता है तथा अनुपस्थित होने पर मानदेय काटा जा सकता है। जो व्यक्ति इस कार्य को करना चाहते हो वे माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय को सम्बोधित एक सादे कागज में अपने प्रार्थना पत्र के साथ अपना आधार कार्ड, वोटर आई.डी की छायाप्रति संलग्न करते हुए केन्द्रीय नजारत में केन्द्रीय नाजिर के पास दिनांक 18.12.2018 को सायंकाल 4:00 बजे तक जमा कर सकते है। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि– प्रार्थना पत्र देने वाले व्यक्ति के विरूद्ध कोई आपराधिक मामला पंजीकृत न हुआ हो और न ही विचाराधीन हो।

7/12/18

प्रभारी अधिकारी, नजारत,
जनपद न्यायालय, कानपुर नगर।

प्रभारी अधिकारी नजारत
जिला एवं सत्र न्यायालय
कानपुर नगर

इस विज्ञप्ति की सार्वजनिक सूचना की एक–एक प्रति समस्त सार्वजनिक स्थानों के अतिरिक्त जनपद न्यायालय, कानपुर नगर, बार एसो0, लायर्स एसो0, कार्या0 जिलाधिकारी के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाये। इसके अतिरिक्त एक प्रति जिला सूचना अधिकारी कार्यालय को भी प्राप्त कराई जाये।

इस सूचना को जनपद न्यायालय, कानपुर नगर की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु सिस्टम आफीसर, जनपद न्यायालय, कानपुर नगर को अवगत कराया जाये।

7/12/18

प्रभारी अधिकारी, नजारत,
जनपद न्यायालय, कानपुर नगर।

प्रभारी अधिकारी नजारत
जिला एवं सत्र न्यायालय
कानपुर नगर

अनुमोदित।

जनपद न्यायाधीश,
कानपुर नगर।

DISTRICT JUDGE
KANPUR-NAGAR